**पुणा International School**

**Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal**

| ASSGNMENT FOR ANNUAL EXAMINATION | | |
|---|---|---|
| Student's Name ____________________ | Subject – Hindi | Grade –III |
| Syllabus – Lesson – 8 to Lesson 14 From textbook & grammar | | |

( **पठन विभाग** )

**प्रश्न -१) अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

उसी गाँव मे एक धोबी रहता था | वह भी बारिश से परेशान था | आज सुबह से उसका गधा गायब था | सारा दिन वह बारिश मे भीगता रहा और जगह - जगह गधे को ढूंढता रहा लेकिन वह कहीं नहीं मिला |

धोबी की पत्नी बोली - जाकर गाँव के पंडित जी से क्यों नहीं पूछते? वे बड़े ज्ञानी हैं | आगे - पीछे, सबके हाल कि उन्हे खबर रहती है | पत्नी की बात धोबी को जँच गई| अपना मोटा लट्ठ उठाकर वह पंडित जी के घर कि तरफ चल पड़ा | उसने देखा कि पंडित जी घर मे जमा बारिश का पानी उलीच - उलीच कर फेंक रहे थे |

प्र-१) **उसी गाँव में कौन रहता था ?**

उ-१) उसी गाँव में एक धोबी रहता था |

प्र-२) **वह किससे परेशान था ?**

उ-२) वह बारिश से परेशान था |

**प्र-३) उसका गधा कब से गायब था ?**

उ-३) आज सुबह से उसका गधा गायब था |

**प्र-४) उसने गधे को कहाँ - कहाँ ढूँढा ?**

उ-४) जगह - जगह उसने गधे को ढूँढा |

प्र-५) **पतला शब्द का विलोम लिखिए**

उ-५) मोटा

**प्रश्न-२) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

नारियल बहुत ही उपयोगी पेड़ है | नारियल का पेड़ बहुत ऊँचा होता है | यह समुद्र के पास रेतीली ज़मीन में उगता है | नारियल का पानी मीठा और सवादिष्ट होता है | इसके पत्तों से चटाइयाँ और टोकरियाँ बनती हैं | नारियल के फल को श्रीफल कहते हैं | इसे पवित्र फल माना जाता है | इसलिए पूजा के काम आता है | इसे मंदिरों मे चढ़ाया जाता है

प्र-१) **नारियल का पेड़ कैसा होता है ?**

उ-१) नारियल का पेड़ ऊँचा होता है |

प्र-२) **नारियल कहाँ उगता है ?**

उ-२) नारियल रेतीली ज़मीन पर उगता है |

प्र-३) **नारियल का पानी कैसा होता है ?**

उ-३) नारियल का पानी मीठा होता है |

प्र-४) **नारियल के फल को क्या कहते हैं ?**

उ-४) नारियल के फल को श्रीफल कहते हैं |

प्र-५) जल का समान अर्थ-

उ-५) पानी

**प्रश्न -३) अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

पहले लोग एक दूसरे से बात करने क लिए या तो खुद मिलने जाते थे या फिर पत्र लिखते थे | जिसमें बहुत टाइम लगता था लेकिन मोबाईल फोन आने के बाद मिनटों मे दुनिया के किसी भी कोने में बैठे आदमी से बातचीत कर सकते हैं | आजकल के मोबाईल फोन में एक दूसरे से बातचीत कर सकते हैं, वीडियो देख सकते हैं | इनमें लगे कैमरा से कोई भी फोटो ले सकते हैं | जहां पर हम दुनियाभर की जानकारी ले सकते है |

लेकिन मोबाईल फोन से जितने लाभ है उतने ही नुकसान भी हुए है लोग इसका इस्तेमाल हर जगह करने लगे हैं | लोग ज़्यादातर टाइम अपना मोबाईल चलाने में ही बिताते हैं | इसके कारण आँखे कमजोर हो जाती है और साथ ही बच्चों को कम उम्र में मोबाईल दिए जाने के कारण उनका मन पढ़ाई लिखाई में नहीं लगता है |

प्र-१) **पहले के लोग एक दूसरे से बात करने के लिए क्या करते थे?**

उ-१) पहले के लोग एक दूसरे से बात करने के लिए या तो खुद मिलने जाते या पत्र लिखा करते थे |

प्र-२) **मोबाईल फोन से क्या-क्या लाभ हैं?**

उ-२) मोबाईल फोन से मिनटों में दुनिया के किसी भी कोने में बैठे आदमी से बातचीत कर सकते है, मैसेज भेज सकते हैं |

प्र-३) **किसका इस्तेमाल लोग हर जगह करने लगे है?**

उ-३) मोबाईल फोन का इस्तेमाल लोग हर जगह करने लगे है |

प्र-४) **बच्चों को मोबाईल देने का क्या नुकसान है?**

उ-४) बच्चों को मोबाईल देने से उनका मन पढ़ाई मे नहीं लगता है|

प्र-५) **मोबाईल का अधिक उपयोग करने का क्या नुकसान हैं?**

उ-५) मोबाईल का अधिक उपयोग करने से आँखे खराब हो सकती हैं |

**( <u>व्याकरण विभाग</u> )**

प्र-१) **पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं?**

उ-१) जिन शब्दों के अर्थ में समानता होती है उन्हें पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

**१)** महिला - नारी, स्त्री, औरत

**२)** पुष्प - फूल ,सुमन, कुसुम

**३)** अग्नि - आग, दहन, पावक

**४)** आकाश - नभ, गगन, आसमान

**५)** पहाड़ - पर्वत, नाग, गिरी

६) जल - पानी, नीर, वारि

**७)** धरती - पृथ्वी, भूमि, भू

८) मित्र - सखा, सहचर, साथी

९) सूर्य - रवि, दिनकर, भानु

**१०)** बारिश - वर्षा, बरसात, पावस

प्र-२) **विलोम शब्द किसे कहते हैं?**

उ-२) एक दूसरे के विपरीत या उल्टा अर्थ देने वाले शब्द विलोम कहलाते हैं।

**१)** रात - दिन

**२)** खंड - अखंड

**३)** सुख - दुख

**४)** रोना - हंसना

**५)** अपना - पराया

६) बंधन - मुक्ति

**७)** योगी - होगी

८) बचपन - बुढ़ापा

**९)** सहयोग - असहयोग

**१०)** धनी -निर्धन

**प्र-३) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द -**

**१)** जो पढ़ा लिखा ना हो - अनपढ़

**२)** सुनने वाला व्यक्ति - श्रोता

**३)** साथ पढ़ने वाला - सहपाठी

**४)** जिसके मन में दया हो - दयालु

**५)** सप्ताह में एक बार होने वाला - साप्ताहिक

**६)** तीन पहिए वाला वाहन - तिपहिया

**७)** फल फूल खाने वाला - शाकाहारी

**८)** देखने वाले लोग - दर्शक

प्र-४) **विशेषण किसे कहते हैं?**

उ-४) जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं वह विशेषण कहलाते हैं।

विशेषण छांट कर लिखिए।

१) सीता **<u>अच्छी</u>** लड़की है।

२) प्रतिदिन **<u>ताजे</u>** फलों का सेवन करें।

३) कमरा **<u>छोटा</u>** है।

**प्र-५) विशेषण के कितने भेद होते हैं?**

उ-५) विशेषण के चार भेद होते हैं।

**प्र-६) क्रिया के कितने भेद होते हैं?**

उ-६) क्रिया के दो भेद होते हैं।

**( <u>साहित्य विभाग</u> )**

**प्र-१) वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

१) तराजू लेकर कौन भाग गया ?

**(क) बंदर** (ख) काली बिल्ली (ग) सफेद बिल्ली

२) अवन्ति ने सेठ के दिए हुए कपड़े को कहाँ रखा था ?

(क) तिजोरी मे **(ख) अलमारी मे** (ग) घड़े मे

३) गुरुजी बाजार कैसे जा रहे थे ?

(क) साइकिल से **(ख) पैदल** (ग) स्कूटर से

४) उत्तर प्रदेश के पहाड़ी गॉवों मे अक्सर किसका डर बना रहता है |

**(क) बाघ का** (ख) हाथी का (ग) चीते का

५) मीरा बहन का जन्म कहाँ हुआ था ?

**(क) इंग्लैंड** (ख) फ्रांस (ग) भारत

६) नारियल कि खोल के अंदर क्या देखा ?

(क) मिठाई **(ख) सांप** (ग) पानी

७) लोग किसकी कहानी कहते है ?

(क) पुलिसवाले की (ख) जादूगर की **(ग) काबुलीवाले की**

८) बच्चा नारियल की खोल लेकर किसके पास गया ?

**(क) नानी के** (ख) दादी के (ग) नाना के

९) आम का पेड़ कैसा था ?

**(क) बड़ा** (ख) सूखा हुआ (ग) छोटा

१०) केले का पेड़ किस भाई को पसंद आया ?

(क) पहले भाई को **(ख) दूसरे भाई को** (ग) तीसरे भाई को

**प्र-२) रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।**

१) काबुली वाले ने समझा कि मिर्च के अच्छे दाने खाने से **बल** मिलेगा।

२) सांप धीरे-धीरे **रेंग** रहा था।

३) मीराबाई **गांधी जी** के साथ काम करने लगी ।

४) कैसे-कैसे लिया भी क्योंजीमल से कोई **कम** ना थे।

५) अवंती **गाँव वासियों** के लिए कपड़ा रंगता था।

६) दोनों बिल्लियाँ रोटी के लिए आपस में **झगड़** रही थी।

७) बंदर ने रोटी के **टुकड़े** कर दिए।

८) अवंती ने सेठ का **मंसूबा** भाप लिया था।

९) बूढ़ा आदमी सांप के काटने का **मंत्र** जानता था

१०) रोटी **तवे** पर पकाई जाती है।

**प्र-३) सही गलत का निशान लगाओ।**

१) क्योंजिमल ने गुरु जी को नमस्ते नहीं की थी। **(गलत)**

२) पिंजरे में दो दरवाजे बनाए गए थे। **(गलत)**

३) बच्चे ने सांप पकड़ने की बात नानी को बताई। **(सही)**

४) काबुलीवाला लाल मिर्च का नाम नहीं जानता था। **(सही)**

५) मीरा बहन के आश्रम का नाम गोपाल आश्रम था। **(सही)**

६) तराज़ू मेज़ पर रखा था। **(गलत)**

७) बंदर बची खुची रोटी भी खा गया। **(सही)**

८) सेठ ने लाल रंग में कपड़ा रंगने के लिए कहा था। **(गलत)**

९) गुरुजी घर से पैदल निकले थे। **(सही)**

१०) मुंह जलने पर भी काबुलीवाला लगातार मिर्च खाता रहा। **(सही)**

**प्र-४) अति लघु प्रश्न उत्तर लिखो।**

**प्र-१) बच्चे को किसने काटा था?**

उ-१) बर्र ।

**प्र-२) मीरा बहन ने अपने आश्रम की स्थापना कहां की थी?**

उ-२) गेवंली गांव ।

प्र-३) **गुरुजी बाजार क्यों जा रहे थे?**

उ-३) गेहूं पिसवाने ।

प्र-४) **शिवदास ने गुरुजी कि किस प्रकार से मदद की?**

उ-४) अपनी गाड़ी लेकर |

प्र-५) **सेठ किसके हुनर को परखना चाहता था?**

उ-५) अवंती |

प्र-६) **उन्हें लड़ने से किसने रोका?**

उ-६) बंदर ने रोका |

प्र-७) **रोटी के लिए कौन कौन लड़ रहा था?**

उ-७) सफेद बिल्ली और काली बिल्ली |

प्र-८) **क्रिया के कितने भेद होते हैं?**

उ-८) क्रिया के दो भेद होते हैं |

प्र-९) **क्यों जीमल और कैसे किस लिए की भेंट किससे हुई थी?**

उ-९) गुरु जी से हुई |

प्र-१०**) मीरा बहन पर किस के विचारों का असर पड़ा?**

उ-१०) गांधीजी |

प्र-११) **काबुलीवाला क्यों खुश हुआ था?**

उ-११) सस्ता सौदा पाकर।

प्र-१२**) तीनो भाई कहां आराम करने लगे?**

उ-१२) आम के पेड़ के नीचे।

**प्र-५)** <u>**लघु प्रश्न उत्तर**</u>

**प्र-१) सिपाही ने काबुली वाले को बेवकूफ क्यों कहा?**

उ-१) लाल तीखी मिर्ची चबाते देखकर सिपाही ने काबुली वाले को बेवकूफ कहा।

**प्र-२) नानाजी ने बच्चे को खबरदार करते हुए क्या कहा?**

उ-२) नानाजी ने बच्चे को खबरदार करते हुए कहा कि कभी भी सांप के पास नहीं जाना यह बहुत खतरनाक होते हैं।

**प्र-३) दूर से पिंजरे का दरवाजा बंद देखकर गांव वाले क्यों खुश हुए?**

उ-३) दूर से पिंजरे का दरवाजा बंद देखकर गांव वाले खुश हुए थे कि बाघ पकड़ में आ गया।

**प्र-४) गुरुजी बाजार क्यों जा रहे थे?**

उ-४) गुरुजी बाजार गेहूं पिसवाने जा रहे थे।

**प्र-५) अवंती ने सेठ को दोबारा किस दिन आने के लिए कहा?**

उ-५) अवंती ने सेठ को दोबारा सोमवार, मंगलवार ,बुधवार, गुरुवार ,शुक्रवार ,शनिवार, रविवार को छोड़कर आने को कहा।

**प्र-६) बिल्लियों की बातें सुनकर बंदर ने क्या फैसला किया?**

उ-६) बिल्लियों की बातें सुनकर बंदर ने उन्हें कचहरी में बुलाने का फैसला किया।

**प्र-७) बच्चा बार-बार बूढ़े आदमी और अपने नाना को क्या बताना चाहता था क्या वह बता पाया?**

उ-७) बच्चा बार-बार बूढ़े आदमी और अपने नाना को बताना चाहता था कि उसे सांप ने नहीं बल्कि एक बर्र ने काटा है परंतु बार-बार उसको चुप करके बैठा दिया जाता।

**प्र-८) आपस में झगड़ने से बिल्लियों को क्या हानि हुई ?**

उ-८) आपस में झगड़ने से बिल्लियों के हाथ में आई रोटी बंदर ले गया।

**प्र-९) मीरा बहन पर किस के विचारों का प्रभाव पड़ा और मीरा बहन ने क्या किया?**

उ-९) मीरा बहन पर गांधीजी के विचारों का प्रभाव पड़ा कि वह अपना घर और अपने माता पिता को छोड़कर भारत आ गई और गांधीजी के साथ काम करने लगी।

**प्र-१०) सिपाही की बात सुनकर काबुली वाले ने क्या उत्तर दिया?**

उ-१०) काबुली वाले ने उत्तर दिया कि तू जा अपने रास्ते मैं अपने पैसों की खरीद कर मिर्ची खा रहा हूं।

## ( लेखन विभाग )

**निबंध - पेड़ हमारे मित्र**

1. वृक्ष मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं क्योंकि यह हर तरीके से मनुष्य की सहायता करते है।
2. पेड़ मनुष्य को स्वच्छ हवा प्रदान करते है।
3. पेड़ों से कई तरह की दवाइयां भी बनाई जाती है।
4. मनुष्य अपने दैनिक जीवन में पेड़ों की लकड़ी का उपयोग करते है।
5. पेड़ हमे फल, फूल, भोजन और ईंधन भी प्रदान करते है।
6. पेडो के कारण हवा शुद्ध रहती है और वर्षा भी अधिक होती है। पेडो की हरियाली से वातावरण सुंदर बनता है।
7. पेड़ मनुष्य को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और कार्बनडाय ऑक्साइड को शोषित करते है।
8. पेड़ पौधों से ही हमें अनाज प्राप्त होता है। गेहूं,चावल, ज्वार, मक्का ये सभी हमें पेड़ पौधों से प्राप्त होता है।
9. पेड़ हमारी भारतीय संस्कृति में बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, हिंदू धर्म में पेड़ों की पूजा की जाती है।
10. पेडो से मित्रता रखकर ही हम सुखी और सुंदर जीवन जी सकते है। इसलिए पेड हमारे मित्र है।

**अथवा**

**निबंध - क्रिसमस**

1. क्रिसमस हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है।
2. ईसाईयों के लिए क्रिसमस एक बहुत महत्वपूर्ण त्यौहार है।
3. क्रिसमस के दिन ईसाई लोग भगवान से प्रार्थना करते है।
4. क्रिसमस को हर साल पूरे विश्व में दूसरे उत्सवों की ही तरह खुशी, हर्ष और जोश के साथ मनाया जाता है।
5. प्रभु ईशु के जन्मदिवस के अवसर पर क्रिसमस डे को मनाया जाता है।
6. क्रिसमस के दिन पर सभी घर और चर्च की सफाई होती है।
7. इस दिन सभी लोग अपने घरों के बीच में सभी क्रिसमस के पेड़ को सजाते है।
8. इस दिन क्रिसमस ट्री को इलेक्ट्रिक लाईट, उपहारों, गुब्बारों, फूलों, खिलौनों, हरी पत्तियों तथा दूसरे वस्तुओं से सजाते है। क्रिसमस का पेड़ बेहद सुंदर और आकर्षक दिखाई देता है।
9. क्रिसमस के दिन लोग अपने बच्चों और मेहमानों के लिये क्रिसमस के उपहार बाँटते है।

10. क्रिसमस के दिन सभी लोग पर अपने दोस्त, परिवार, रिशतेदारों और पड़ोसियों के साथ क्रिसमस के पेड़ के सामने खुशी मनाते है।

**प्र -२) कहानी लेखन - राजू और उसकी पेंसिल**

एक बार की बात है, एक गांव में राजू अपनी दादी के साथ रहता था। राजू 2 दिन से बहुत परेशान था क्योंकि उसने इंग्लिश परीक्षा मैं बहुत खराब प्रदर्शन किया था। राजू दुखी होकर अपने कमरे में बैठा था।

उसकी दादी को सब कुछ पता था इसीलिए दादी राजू के पास आई और उसे एक पेंसिल दी। राजू ने दादी की तरफ देखा और कहा, "मैंने परीक्षा में बहुत ही खराब प्रदर्शन किया है, मैं तो इस पेंसिल के लायक नहीं हूं।"

दादी ने उसे समझाया, "तुम इस पेंसिल से बहुत कुछ सीख सकते हो यह पेंसिल तुम्हारे जैसी है।

यह पेंसिल दर्द का अनुभव करती है। जैसे तुमने परीक्षा मैं खराब प्रदर्शन करने के कारण दर्द का अनुभव किया है। यह पेंसिल तुम्हें और भी बेहतर छात्र बनाने में सहायता करेगी।

इस पेंसिल से लिखने के टाईम तुम्हें याद आएगा कि तुमने पहले परीक्षा मे खराब प्रदर्शन किया था। परीक्षा देते वक्त तुम्हें बहुत साहस मिलेगा। अगले परीक्षा मैं तुम जरूर अच्छा प्रदर्शन करोगे |

**नैतिक शिक्षा :** हम सभी में वह शक्ति है जो हम बनना चाहते हैं।

**प्र-३) पत्र लेखन।**

**विधालय छोड़ने का प्रमाण - पत्र प्राप्त करने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखे |**

13, गीता भवन,
शक्ति कुंज, सेक्टर-12
गाँधीनगर
दिनांक :22/5/2021

सेवा मे
प्रधानाचार्य
पुना इंटरनेशनल स्कूल
गाँधीनगर

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके विध्यालय मे कक्षा चौथी का छात्र हूँ | मेरे पिता जी का तबादला गाँधीनगर से दिल्ली हो गया है| हमारा पूरा परिवार दिल्ली जा रहा है | इस करण मुझे यह विध्यालय छोड़ना पड़ेगा | अतः आपसे निवेदन है कि मुझे विध्यालय छोड़ने का प्रमाण - पत्र प्रदान करने की कृपा करे |

आशा है, आप मेरी प्रार्थना पर शीघ्र ध्यान देंगे | मैं आपका बहुत आभारी रहूँगा |

धन्यवाद
आपका छात्र
अपना नाम

**अथवा**

## मित्र को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करने हेतु पत्र।

७२, कंकड़बाग,
वीरप्रताप सोसायटी,
पटना।
२७, अप्रैल, २०२१
प्रिय राघव,

तुम्हें याद होगा कि ९ मई को मेरा जन्मदिन है | हार वर्ष की तरह इस बार भी मेरे माता - पिता जन्मदिन के अवसर पर पार्टी का आयोजन कर रहे हैं | मेरी हार्दिक इच्छा है कि तुम इस पार्टी शामिल होकर मुझे प्रसन्नता प्रदान करो |

इस बार केक काटने कर साथ - साथ संध्या संगीत का भी आयोजन रखा गया है | पार्टी शाम को ६ बजे से शुरू होगी | तुम्हें अपने परिवार के साथ आना है | मैं तुम्हारा इंतजार करूंगा |

अपने माता - पिता को मेरा प्रणाम कहना और छोटी बहन को प्यार देना |

तुम्हारा मित्र
रमेश